18- OCT- BSP- P- 1_Layout 1 10/18/2025 12:15 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 30.4 डिग्री

न्यूनतम 20.5 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




पढ़ें पेज - 3

## खबर संक्षेप

### वेंकटेश जी ट्रस्ट की ओपीडी आज बंद रहेगी

**बिलासपुर।** मूर्ति भगवान श्री वेंकटेश जी ट्रस्ट द्वारा सुभाष चौक स्थित भवन में हर रविवार चलने वाली ओपीडी सेवा दीपावली के कारण रविवार 19 अक्टूबर को बंद रहेगी। 26 से अक्टूबर को ओपीडी पुनः हर रविवार को चलेगी।

### व्यापारी से 41 लाख की ठगी, ठेकेदार पर जुर्म

**बिलासपुर।** जान पहचान का फायदा उठाकर एक व्यापारी से ठेकेदार ने 41 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर ली है। पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार,कश्यप कालोनी निवासी व्यापारी रितेश पाठक 45 साल ने रिपोट लिखाई। उनका रेलवे के ठेकेदार दिनेश मुदलियार से पारिवारिक संबंध था। दिनेश अक्सर रुपए की जरूरत होने उनसे पैसा ले लेता था। वर्ष 2015 में उसने पहले बार रेलवे में काम करने के लिए 5 लाख रुपए लिया। इसमें से केवल 2 लाख 25 हजार रुपए लौटाया। इसके बाद अग्रस्त 2015 में 75 हजार इसी तरह अलग अलग काम बताकर 41 हजार 50 हजार रुपए उधार लिया है। विश्वास जताने के लिए दिनेश मुदलियार ने उन्हें कोरा चेक और उसके द्वारा लिखा स्वीकृति पत्र दिया था। उसने अलग अलग अवसर पर 23 लाख 50 हजार रुपए लौटा दिया। शेष रकम 18 लाख देने में टालमटोल करता रहा। बाद में उसने रेलवे का वर्क आडर 2021, 22 दिखकर फिर से भरोसा दिलाया और करम वापस करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर दिनेश मुदलियार के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

### फर्जी हस्ताक्षर कर भाई ने निकाले 6 लाख रुपए

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, बहतराइ निवासी शिवांग शेखर 32 साल ने रिपोर्ट लिखाई। उसके पिता और बड़े भाई सिद्धार्थ शंकर ने उसके साथ मिलकर बिल्हा क्षेत्र के ग्राम निपनिया में 2.46 एकड़ और भोजपुरी में 1.50 एकड़ जमीन खरीदी थी। दोनो जमीन में खेती की जा रही थी। पैदावार बेचने के बाद प्राप्त राशि को जिला सहकारी बैंक में खुले संयुक्त खाते में जमा किया जाता था। इसकी जानकारी उन्हें नहीं थी। उन्होने बैंक खाता बंद करने का आवेदन किया और रिकार्ड देखने पर सामने आया कि 1 जनवरी से 2018 से 16 जून तक 12 लाख रुपए का लेनदेन हुआ है, जिसमें से उनके फर्जी हस्ताक्षर कर 6 लाख रुपए उनके हिस्से का निकाल लिया गया है। उनके नाम से सहकारी समिति से खाद और लोन भी लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रजत कुमार यादव व राहुल कुमार यादव के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### एलएचबी कोच से चलेगी अंबिकापुर एक्सप्रेस

**बिलासपुर।** नार्मल कोच से चलने वाली जबलपुर से अंबिकापुर एक्सप्रेस को एलएचबी कोच से चलाने का निर्णय लिया गया है। रेलवे ने गाड़ियों में पुराने पारंपरिक कोच के स्थान पर नई तकनीक से निर्मित लिंक हॉफमैन बुश एलएचबी कोच लगाना शुरु कर दिया है, जो अधिक सुरक्षित, आरामदायक व उच्च गति के अनुरुप है। इसके तहत गाड़ी संख्या 11265/11266 जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस में 9 से और अंबिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस में 10 अक्टूबर से एलएचबी कोच लगाकर परिचालन किया जा रहा है। कोच चेंज होने से अतिरिक्त 93 बर्थ की सुविधा यात्रियों को मिलेगी, जिसमें एसी थ्री टियर में 8 बर्थ, चेयरकार में 5 सीटों की वृद्धि, स्लीपर श्रेणी में 80 बर्थ यात्रियों को मिलने से वेटिंग की संख्या भी कम होगी।

## आटोमोबाइल व सराफा बाजार में उमड़ी भीड़, 200 कार सहित 1500 से अधिक दोपहिया बिकीं, 3 करोड़ का पटाखा भी बिका

# धनतेरस पर बरसा धन, करोड़ों का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में इस बार धनतेरस पर जमकर खरीददारी हुई। शनिवार को शहर में ऑटोमोबाइल से लेकर सराफा बाजार तक खरीदारों की भीड़ उमड़ी। कारोबारियों के मुताबिक इस त्योहार पर करोड़ों रुपए का कारोबार हुआ है। एक ही दिन में 3 करोड़ रुपए के पटाखे बिकने का दावा भी किया जा रहा है। सोना महंगा होने के बावजूद बाजार में सोने-चांदी के सिक्के और मूर्तियों की मांग रही।

वहीं ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी लोगों को अपनी पसंद के मुताबिक मॉडल और रंग मिलना मुश्किल हो गया। 200 से अधिक कारें और 1500 से अधिक दुपहिया वाहनों की बिक्री की गई। इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रापर्टी, फर्नीचर, कपड़ा सहित अन्य सामानों की लोगों ने जमकर खरीरदारी की। धनतेरस पर्व पर शुभ मुहूर्त में खरीदारी करना विशेष शुभ दिन माना गया है। इस दिन धातु खरीदना शुभ माना जाता है। इसलिए बर्तन बाजार में भी रौनक छाई रही। गोलबाजार और शनीचरी बाजार स्थित बर्तन दुकानों में सुबह से लेकर देर शाम तक ग्राहक पहुंचते रहे। अपने पसंद की खरीदारी करते रहे। वहीं, धनतेरस पर तांबे, पीतल और कांसा के बर्तनों की जमकर बिक्री हुई। इस बार सोने-चांदी की कीमती में भारी उछाल आया। सोना एक लाख 30 हजार तोला और चांदी एक लाख 54 हजार रुपए किलो रहा। बावजूद इसके सराफा बाजार में सोने-चांदी के सिक्के और छोटे आभूषण जैसे झुमके, अंगूठी जैसे गहने जमकर बिके।



**50 करोड़** सराफा बाजार | **60 करोड़** रियल एस्टेट | **50 करोड़** ऑटोमोबाइल | **30 करोड़** इलेक्ट्रानिक्स | **20 करोड़** कपड़ा व्यवसाय

### इलेक्ट्रानिक बाजार में 30 करोड़ का कारोबार

शहर के तेलीपारा और जूना बिलासपुर के इलेक्ट्रॉनिक बाजारों में सजावटी लाइट की नई-नई वेराइटियां लेने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। इसके साथ ही टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन जैसी



घरेलू उपयोग की वस्तुओं की जमकर खरीदी हुई। बड़े इलेक्ट्रिकल स्टोर्स पर पूरे दिन ग्राहकों की भीड़ नजर आई। इलेक्ट्रानिक्स संघ के मुताबिक इस बार इलेक्ट्रानिक बाजार में मोबाइल, कंप्यूटर को छोड़कर टीवी, फ्रिज सहित अन्य आइटमों की काफी मांग रही। वहीं एलईडी बल्ब की भी खासी पूछपरख रही। मार्केट में लोगों ने जमकर इलेक्ट्रानिक समानों की खरीदारी की। धनतेरस पर इलेक्ट्रानिक्स मार्केट में 30 करोड़ का व्यवसाय हुआ है। गैजेट्स, आयरन, गीजर, ड्रायर, मिक्सी समेत अत्याधुनिक उपकरणों की मांग है।

### सराफा बाजार में 50 करोड़ का कारोबार

सराफा व्यापारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि, धनतेरस से पहले इस शुभ दिन के आने से सराफा व्यापार में तेजी और चमक रही। बाजार में लेकिन महंगाई का असर देखने को मिला। इस बार सराफा बाजार में करीब 50 करोड़ रुपए के



व्यवसाय का अनुमान है। दीपावली पर सोने-चांदी के आभूषण केवल शगुन के लिए नहीं बल्कि निवेश के लिए भी खरीदे जा रहे हैं। पिछले एक साल में सोने ने करीब 25 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया है। हालमार्क से सोने में ग्राहकों का भरोसा बढ़ा है, जिससे निवेश के रूप में भी इसकी मांग बढ़ रही है। धनतेरस पर सोने के ईयरिंग, मंगलसूत्र, चेन, लाइट वेट रोज गोल्ड, हार और अंगूठी की मांग अच्छी रही। कारीगरों ने एक ग्राम से लेकर 10 ग्राम तक के हल्के गहनों की 100 से अधिक डिजाइनों को तैयार किया था। इनमें नाक की बाली, कान के टॉप्स, अंगूठी, चेन और मंगलसूत्र शामिल हैं। महेन्द्र जेम्स एंड ज्वेलर्स के संचालक राजू सलूजा ने बताया कि पहले लोग ज्यादातर सोने-चांदी के आभूषणों को तवज्जो देते थे, लेकिन इस बार डायमंड ज्वेलरी की पूछपरख भी रही है।

### ऑटोमोबाइल सेक्टर भी खूब चहका

ऑटोमोबाइल सेक्टर भी चमक उठा है। सत्या ऑटोमोबाइल के आशीष खेड़िया ने बताया कि फोर व्हीलर में शहर में लगभग 30 करोड़ का व्यवसाय हुआ है। धनतेरस पर सिर्फ मारुति की ही 100 गाड़ियां



बिकीं। दूसरी कंपनियों की भी 100 गाड़ियों के बिकने की जानकारी मिली है। इसी तरह कुल मिलाकर करीब 1500 दुपहिया वाहनों की खरीदी भी की गई। पर्व के लिए हुई कपड़ों की खरीदारी थोक कपड़ा व होजयरी व्यापारी संघ के अध्यक्ष किशोर पंजवानी ने बताया कि इस बार युवाओं के लिए वर्तमान में चल रहे फैशन को ध्यान में रखते हुए पैंट-शर्ट, वेडिंग कलेक्शन, बुटिक कपड़ों की मांग रही। साथ ही छोटे बच्चों के डिजाइनर कपड़ों की लोगों ने खूब खरीदारी की। पुष्य नक्षत्र पर कपड़े का जिले में लगभग 5 करोड़ से ऊपर का कारोबार हुआ है। धनतेरस पर 10 करोड़ तक बाजार पहुंचने की संभावना है।

### एक ही दिन में बिके 3 करोड़ के पटाखे

दिवाली के लिए शहर में अलग-अलग जगहों पर पटाखा बाजार सजे हैं। ऐसे में फैंसी पटाखा भी बाजार में नजर आ रहे हैं, जो आसमान में सतरंगी छटा बिखेरेंगे। बच्चों के



लिए पॉप-पॉप और चुटपुट सहित फैंसी पटाखों की नई-नई किस्में उपलब्ध है। बच्चों के यह छोटे पटाखे भी कई रंगों में आए हैं। वहीं, फुलझड़ी, फ्लावर पाट, राकेट, लड़ के साथ ही धमाका करने वाले बड़े बम भी है। इस बार शहर के तीन प्रमुख स्थानों में ग्रीन पार्क मैदान, रिवर व्यू और बुधवारी बाजार में दुकानें लगीं हैं। शनिवार को सुबह से लेकर देर रात तक पटाखा बाजार गुलजार रहा। इस दौरान लोग अपनी-अपनी पसंद के पटाखे खरीदने के लिए जुटे रहे।

### आज नरक चतुर्दशी, कल दिवाली

न्यायधानी में नरक चतुर्दशी का पर्व रविवार को उत्साह से मनाया जाएगा। इसे छोटी दिवाली के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन दीपक जलाने की परंपरा, भगवान श्रीकृष्ण की पूजा और घर को सजाने का खास महत्व है। शहर के घरों और गलियों में दीपों की चमक और उल्लास का माहौल देखा जाएगा। जो इस पर्व को और खास बना देता है।नरक चतुर्दशी को रूप चौदस और छोटी दिवाली के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर लोगों को उसके अत्याचारों से मुक्त किया था। इसलिए इसे नरक चतुर्दशी कहते हैं। इस अवसर पर लोग सुबह उठकर स्नान करते हैं और खुद को नकारात्मकताओं से दूर करने का संकल्प लेते हैं।

# नशे में धुत कार सवार युवकों ने स्कूटी को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देर रात नशे में धुत कार सवार युवकों ने इलेक्ट्रिक स्कूटी सवार को टक्कर मार दिया। भागने के फेर में कार अनियंत्रि होकर पलट गई। कार के चारों चक्के उपर हो गए थे। गश्त में तैनात पुलिसकर्मियों ने चारों युवकों को पकड़कर थाने ले गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, सरकण्डा मुक्तिधाम निवासी दिनेश चौहान पिता राजेन्द्र सिंह चौहान 26 साल शुक्रवार की रात संजीवनी हास्पिटल के पास सिंधी समाज द्वारा अमृत बेला चालीहा महोत्सव में एलईडी स्क्रीन चालू करने जा रहे थे। रात 2.45 बजे वे सदर बाजार उदल चौक पहुंचे थे। इसी दौरान खपरगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 13 एएम, 9577 के चालक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार घायल हो गया। इधर भागने के फेर में चालक ने कार की रफ्तार और तेज कर दी और कार गोंड़पारा गली में अनियंत्रित होकर कार पलट गई। कार के चारों चक्के उपर हो गए। रात्रि गश्त में तैनात पुलिसकर्मियों के द्वारा कार से चार युवकों को बाहर निकाला। चारों युवक नशे में थे। बताया जाता है चारों युवक पार्टी मनाने के बाद बेलगाम तरीके तेज रफ्तार में गाड़ी चलाकर हंगामा मचाते हुए घूम रहे थे। पुलिस ने दिनेश चौहान की रिपोर्ट पर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125, 281 व शराब पीकर गाड़ी चलाने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत जुर्म दर्ज कर कार जब्त कर लिया है।

भागने के फेर में पलट गई कार



**कार में ये लोग थे सवार**

कार में योगेश पटेल पिता भगतराम पटेल 26 साल सारंगढ़, राहुल साहू पिता राजेश साहू 25 साल सरसींवा, निखिल साहू पिता गोपालचंद्र साहू 18 साल भटगांव, नीरज राठिया पिता ठाकुरराम राठिया 26 जेलपारा सारंगढ़ निवासी सवार थे। गाड़ी योगेश पटेल चला रहा था। जानकारी के अनुसार चारों युवक शहर में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।

## रिपोर्ट लिखाने पर छात्र की बेसबाल के बेट से पिटाई
## दूसरे पक्ष ने हमलावरों की कार में लगाई आग

बीती रात रिपोर्ट लिखाने की बात को लेकर कार सवार युवकों ने एक छात्रा की बेसबाल से जमकर मारपीट कर दी। इधर दूसरे पक्ष ने हमलावर के घर जाकर बाहर खड़ी कार में आग लगा दी। पुलिस ने दोनों पक्षों के हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है।



तारबाहर पुलि के अनुसार, विनोबानगर एल 4 निवासी श्रेयांश सिंह कंडा पिता शरणजीत सिंह कंडा बीकाम द्वतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। 17 अक्टूबर की रात 9.30 बजे वे अपने दोस्त पलक मंडल के साथ विनोबा नगर सांई मंदिर के पास खड़े थे। इसी दौरान पीछे से कार में सवार अनुराग ठाकुर, निखिल नागवानी, साहिल सोनकर वहां पहुंचे, युवकों ने बेसबाल व स्टिक से रिपार्ट लिखाए हो कहते गाली गलौज जान से मारने की धमकी देते हुए जमकर पिटाई कर दी। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। भीड़ एकत्रित होने पर हमलावर कार से भाग गए। पुलिस ने श्रेयांश सिंह की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत हमलावर अनुराग सिंह ठाकुर पिता अजय सिंह ठाकुर 20 साल देविका विहार राजकिशोरनर, निखिल नागवानी पिता सुरेश नागवानी 18 साल सरकण्डा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

**दूसरे पक्ष ने कार में लगाई आग :** मारपीट के बाद हमलावर अनुराग सिंह ठाकुर रात में राजकिशोरनगर देविका कालोनी में जाकर घर के सामने अपनी कार महिंद्रा थार क्रमांक सीजी 10 बीएम, 5400 खड़े कर सो गया। रात 2.45 बजे दूसरे पक्ष के तीन लोगों ने उसके घर में आकर बाहर में खड़ी कार में आग लगा दी। सीसीटीवी कैमरे में स्कूटी सवार तीन युवक नजर आ रहे हैं। पुलिस ने आग लगाने वाले श्रेयांश सिंह पिता शरणजीत सिंह 20 साल विनोबानगर, गौरव पटेल पिता प्रेम पटेल 19 साल रिंग रोड, आनंददास मानिकपुरी पिता शिखरदास 19 साल दयालबंद निवासी को बीएनएस की धारा 326 जी के तहत गिरफ्तार कर लिया है।



# प्राइवेट स्टूडेंट्स के लिए रजिस्ट्रेशन की बढ़ी तिथि

**बिलासपुर।** उच्च शिक्षा विभाग ने कालेजों में प्राइवेट वाले स्टूडेंट्स के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ा दी है। अब प्राइवेट एग्जाम में बैठने के इच्छुक स्टूडेंट्स 30 अक्टूबर तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। प्राईवेट स्टूडेंट्स के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि समाप्त होने के बाद कई प्राइवेट स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी, कालेजों के चक्कर काट रहे थे।

- स्वाध्यायी विद्यार्थियों का अब 31 अक्टूबर तक होगा पंजीयन

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार उच्च शिक्षा अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्वाध्यायी विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन के लिए निर्धारित तिथि में संशोधन करते हुए 31 अक्टूबर अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इससे उन लोगों को राहत मिली है जो किन्हीं कारणों से प्राइवेट स्टूडेंट्स के रूप में कालेज एग्जाम में शामिल होना चाहते थे, किन्तु निर्धारित समय के भीतर वे अपना रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए थे और रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़वाने यूनिवर्सिटी, कालेजों के चक्कर काट रहे थे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा तिथि बढ़ाए जाने के बाद अब प्राइवेट स्टूडेंट्स को रजिस्ट्रेशन कराने पर्याप्त समय मिल रहा है। वैसे भी प्राइवेट वालों को इस बार रजिस्ट्रेशन के लिए ज्यादा समय नहीं मिल पाया था। इसलिए अटल यूनिवर्सिटी के पोर्टल में लगभग 6 हजार प्राईवेट स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

### 31 अगस्त को समाप्त हो गई थी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप में प्रवेश लेकर परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए स्वाध्यायी नीति तहत सत्र 2025-26 के स्नातक पाठ्यक्रमों का रजिस्ट्रेशन, नामांकन के लिए 16 अगस्त आनलाइन पंजीयन चालू किया गया था। 31 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन, नामांकन आवेदन की अंतिम तिथि रखी गई थी। स्नातक पाठ्यक्रमों में जो छात्र-छात्राएं रेगुलर रूप में कॉलेजों में एडमिशन नहीं ले पाते, उनके लिए अध्ययन पूरा करने या डिग्री प्राप्त करने के लिए प्राइवेट परीक्षा एक विकल्प होता है, इसलिए प्राइवेट परीक्षार्थियों की संख्या भी काफी अधिक होती है। स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों ही पाठ्यक्रमों में प्राइवेट परीक्षार्थियों की संख्या लगभग रेगुलर छात्रों के आसपास ही रहती है।

## 33 केवी लाइन में आया फाल्ट, विभाग को मरम्मत करने में लगे 6 घंटे

# धनतेरस पर 50 से अधिक गांवों में छाया रहा अंधेरा

**बिलासपुर।** बिल्हा, चकरभाठा क्षेत्र के छोटे-बड़े 50 से अधिक गांवों में धनतेरस की शाम अंधेरा छाया रहा, सिलपहरी से निकलने वाली 33 केवी लाइन में फाल्ट होने के कारण लोगों के घरों की बिजली बंद हो गई थी, जिससे सुधारने में विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को 6 घंटे से अधिक का समय लगा। बताया रहा है कि बिजली विभाग ने दीपावली त्योहार को लेकर अधिकारी और कर्मचारियों के नंबरों का प्रकाशन किया था लेकिन कई अधिकारी शनिवार की छुट्टी मना रहे थे, जिसके चलते लाइन खराब होने के बाद भी सुधार कार्य में देरी हुई है।




जहां दीपावाली रोशनी की त्योहार है, वहीं त्योहारों की पूर्व संध्या पर शनिवार दोपहर 2 बजे से बिजली ठप रही। बिल्हा, चकरभाठा, सिरगिट्टी, कड़ार, बरतोरी जैसे बड़े क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों में बिजली बंद रही। लोगों ने वितरण केन्द्रों में इसकी शिकायत भी की लेकिन 2 बजे से बंद बिजली रात 8 बजे तक नार्मल नहीं हो सकी, बताया जा रहा है कि सिलपहरी 33 केवी लाइन में इंश्योलेटर बर्स्ट होने के कारण बिजली सप्लाई ठप थी, अधिकारियों और कर्मचारियों को लाइन में फाल्ट खोजने में समय लग गया। जिसके चलते 50 ये अधिक गांवों में अंधेरा पसरा रहा, हालांकि शाम 7.20 मिनट पर 33 केवी लाइन को शुरू कराया गया लेकिन इसके बाद ट्रांसफार्मर और फीडर की सप्लाई शुरू करने में आधे से अधिक घंटे की देरी हुई जिसके चलते रात 8 बजे के बाद ही गांवों में रोशनी पहुंच सकी।

### लोगों का आरोप, एई व जेई ने नहीं उठाया फोन

बरतोरी और कड़ार गांव के लोगों ने बिजली बंद होने के बाद जेई और एई को फोन लगाया। बिजली विभाग ने दो दिन पहले ही अधिकारियों के नंबर प्रकाशित कर दीपावली पर विशेष ड्यूटी शेड्यूल जारी किया था, लेकिन क्षेत्र के जेई और एई ने लोगों का फोन तक नहीं उठाया। लोगों का आरोप है कि बिल्हा एई कार्यालय में उपस्थित नहीं थे, जबकि कर्मचारियों से पूछने पर उनके नहीं होने की बात कही गई।

### निर्देश दिए जाएंगे

बिजली सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। पहले लाइन शुरू करते हैं, इसके बाद अधिकारियों से देरी का कारण पूछा जाएगा।

**- एके अम्बस्ट,** कार्यापालक निदेशक, विद्युत विभाग

18 -OCT- BSP-PG-2_Layout 1 10/19/2025 12:24 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### सीएम साय से मिले अभा नामदेव क्षत्रिय महासंघ के पदाधिकारी



**बिलासपुर।** अभा नामदेव क्षत्रिय महासंघ नई दिल्ली के प्रदेशअध्यक्ष कमल किशोर वर्मा की अगुवाई में समाज का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिला। इस दौरान छग राज्य में सिलाई कला बोर्ड का गठन करने, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग में नामदेव समाज को प्रतिनिधित्व देने की मांग की गई। मुख्यमंत्री ने नामदेव समाज की मांगों पर विचार करने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि सरकार में नामदेव समाज की भागीदारी के लिए वे विचार करेंगे। नामदेव समाज को ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए सिलाई कला बोर्ड का गठन करने पर चर्चा की है। साथ ही नामदेव जयंती के अवसर पर तुलसी विवाह के दिन छत्तीसगढ़ राज्य में सार्वजनिक अवकाश की समाज की मांग पर चर्चा करने भरोसा दिलाया। फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद नामदेव, प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा, फेडरेशन के युवा प्रदेश अध्यक्ष अमितेश नामदेव, राजा नामदेव और आशीष नामदेव ने मुख्यमंत्री का सम्मान कर उन्हें एक मांग पत्र सौंपा है। 17 एवं 18 जनवरी को नागपुर में होने वाले संत नामदेव महाराज विश्व एकात्मता महासम्मेलन की जानकारी भी मुख्यमंत्री श्री साय को दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महासम्मेलन का शुभारंभ करेंगे।

### बैठक में सामूहिक जनेऊ संस्कार को लेकर हुई चर्चा



**बिलासपुर।** सिंधु कल्चरल एलाइंस फोरम ने एक आवश्यक बैठक आयोजित की। इसमें अध्यक्ष डॉ हेमंत कलवानी ने बताया कि 16 नवंबर रविवार पूज्य सिंधी पंचायत भवन सिंधी कॉलोनी में आयोजित होने वाले जनेऊ संस्कार कार्यक्रम के लिए अनेक प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी है। अति विशिष्ट अतिथि सिंधु अमरधाम आश्रम चकरभाठा के संत सांई लाल दास होंगे। महामंत्री जगदीश जज्ञासी ने बताया कि सामूहिक जनेऊ संस्कार विधि विधान एवं संपूर्ण मंत्रोपचार द्वारा बैंड बाजे के साथ संपन्न कराया जाएगा। पंडित द्वारा आध्यात्मिक, सामाजिक एवं अन्य धार्मिक उपदेशों से बच्चों को संस्कारित किया जाएगा। बच्चों का पंजीयन प्रारंभ है। बैठक में नानक पंजवानी, डॉ. रमेश कलवानी, प्रकाश जज्ञासी ,नरेंद्र नागदेव, लक्ष्मण दयालानी, अशोक हिंदूजा, श्रीचंद दयालानी, झामनदास अघीजा, भगवान दास चंदानी, कन्हैया आहूजा, दयाराम लालवानी, राजकुमार संतवानी, दशरथ ठारवानी, रेवाचंद रेलवानी, राजकुमार मनसुखानी उपस्थित थे।

### विषम परिस्थितियों में जीवन जीने की बताई गई कला



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर सम्मान ने विवेकानंद गार्डन में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें मानसिक संतुलन कैसे बनाएं और विषम परिस्थितियों में भी जीवन कैसे जिएं के संबंध में बताया गया। लाफ्टर क्लब के सभी सीनियर सदस्यों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर किए जाने वाले कार्यों के लिए उनकी सराहना की गई एवं उनके अनुभवों को साझा कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रितपाल वाली थे। इस मौके पर निशेष वर्मा, लायंस क्लब सम्मान से अनीता झा, रंजना भारती, आकांक्षा भट्ट, संध्या मोदी, चंद्रावती देवांगन, गुंजन सिंह, लाफ्टर क्लब के संरक्षक रमेश दुआ, आरके श्रीवास्तव, महिला अध्यक्ष विवेकानंद गार्डन रंजना दीक्षित, आनंद लाफ्टर क्लब से श्री ठाकुर, हास्य हर्बल लाफ्टर क्लब से शंकर मिश्रा, श्री साहू, एक्टिव लाफ्टर क्लब से कृष्णा भाई, योग लाफ्टर क्लब से रामू भाई, सुभाष भाई, आजाद लाफ्टर क्लब से नट्टू भाई उपस्थित थे।

### 5 विषयों के लिए होगा यूजीसी नेट एक्जाम, आवेदन 24 तक

**बिलासपुर।** सीएसआईआर यूजीसी नेट एग्जाम पांच विषयों के लिए होगा। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 24 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से 18 दिसंबर को यह आयोजित की जाएगी। जिन पांच विषयों के लिए यह परीक्षा आयोजित की जाती है, उसमें पहला विषय है- केमिकल साइंसेस है। दूसरा अर्थ, एटमोस्फियरिक ओसियन एवं प्लेनेटरी साइंसेस। तीसरा लाइफ साइसेंस, चौथा मैथेमेटिकल साइंसेस और पांचवां है फिजिकल साइंसेस। आवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 55 फीसदी अंकों के साथ मास्टर डिग्री या चार साल की बैचलर डिग्री होनी चाहिए। पीजी फाइनल ईयर के छात्र भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क सामान्य वर्ग 1150, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी 600 रुपए। एससी, एसटी व अन्य के लिए 325 रुपए है।

### कोर्ट मैनेजर के 22 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू

**बिलासपुर।** कोर्ट मैनेजर के 22 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू है। 28 अक्टूबर तक ऑनलाइन फॉर्म भरे जा सकते हैं। सीजीपीएससी से 4 जनवरी 2026 को प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस पद के लिए शैक्षणिक अर्हता एमबीए पास या स्नातक के साथ प्रबंधन में एडवांस्ड डिप्लोमा है। इसके अलावा सिस्टम, मानव या वित्तीय प्रबंधन में अनुभव भी मांगा गया है। कोर्ट मैनेजर भर्ती के लिए तीन चरणों में होगी। प्रारंभिक परीक्षा के अलावा मुख्य लिखित परीक्षा भी होगी। इसके बाद वाइवा होगा। इस भर्ती के अलावा छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से एक और वैकेंसी निकली है। यह महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत अधीक्षक (बाल देखरेख संस्था) की है।भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन 29 से होगा।

---

**फेस्टिवल सीजन समाप्त होने के बाद आती है रिपोर्ट** | प्राइमरी जांच ही संभव, रिपोर्ट के लिए रायपुर पर निर्भर

# फूड सेफ्टी की मोबाइल यूनिट दिखावे की, हर जांच के लिए करना पड़ता है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोबाइल यूनिट द्वारा खाद्य सामग्री की जांच के लिए अभी भी रायपुर पर निर्भर रहना पड़ रहा है, फूड सेफ्टी विभाग की इस यूनिट पर महज प्राइमरी जांच ही संभव हो पा रही है। यही कारण है कि विभाग के अधिकारी फेस्टिवल सीजन में होटलों से सैंपल लेते हैं, परन्तु उनकी रिपोर्ट फेस्टिवल सीजन समाप्त होने के बाद आती है।

फूड सेफ्टी विभाग की मोबाइल यूनिट जागरूकता बढ़ाने के काम आ रही है, मिलावट और खाद्य सुरक्षा को लेकर विभाग के किए गए दावों पर पूरी तरह से खरा नहीं उतर रही है। इस मोबाइल यूनिट से स्टार्च, कलर, धूल के कण जैसी तत्वों का ही विश्लेषण हो सकता है, वहीं केमिकल रिएक्शन, हानिकारण तत्वों के लिए खाद्य सामाग्रियों को रायपुर स्थित लैब ही भेजा जा रहा है। यह यूनिट भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा ही मुहय्या कराया गया है। अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में प्राइमरी जांच ही मोबाइल यूनिट के सहारे की जा रही है, जबकि खाद्य सामाग्रियों के सैंपल लेकर रायपुर भेजे जा रहे हैं। जांच होने के बाद भी इसके रिपोर्ट के लिए 15 दिनों से अधिक का समय लग रहा है, ऐसे में त्योहारों में लिए गए सैंपल की रिपोर्ट कब आएगी, इसका महज कयास ही लगाया जा सकता है।






#### त्योहारों में ही जब्त होती है सैंपल

सूत्रों के अनुसार फूड सेफ्टी विभाग महज त्योहारों के समय ही पनीर, खोवा और मिठाईयों की जांच करता है, जबकि बाकी समय पर विभाग के छापामारी की खबरें नहीं आती है। दरअसल त्योहारी सीजन में ही मिलावटी सामानों की भरमार बाजारों तक पहुंचती है, जिसके चलते विभाग को भी कार्रवाई करना पड़ता है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हर माह कार्रवाई की रिपोर्ट भेजी जाती है, लेकिन त्योहारों के समय कार्रवाई अभियान के तौर पर बढ़ाई जाती है।

#### प्रायमरी जांच ही संभव है

मोबाइल यूनिट में प्राइमरी जांच संभव है, इस यूनिट को राज्य में विकसित किया जाना है। जांच मशीनें काफी मंहगी होती है, ऐसे में उन्हें स्थाई रखा जाता है, मोबाइल यूनिट में लेकर चलना थोड़ा मुश्किल है। सैंपल लेकर रायपुर कार्यालय भेजा जाता है, राज्य भर के सैंपलों के साथ हमारे सैंपलों की जांच भी की जाती है।

**-आर आर देवांगन,** खाद्य सुरक्षा अधिकारी

---

एक कन्फर्म बर्थ में वेटिंग के चार यात्री कर रहे हैं सफर

# अब छठ तक नहीं ट्रेनों में पैर रखने की जगह



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फेस्टिवल सीजन में ट्रेनों में भारी भीड़ चल रही है। इसमें एक टिकिट में पांच वेटिंग वालों में से एक के क्लीयर होने पर चार को खड़े होकर सफर करना पड़ रहा है। वहीं यात्रियों की ट्रेनों में खचाखच भीड़ के कारण रेल अफसरों के भी इमरजेंसी कोटे क्लीयर नहीं हो पा रहे हैं।

रेलवे प्रतिवर्ष नवरात्रि के साथ दीपावली और छठ पर्व में यात्रियों की भीड़ कम करने और उन्हें आरामदायक सफर कराने के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों का छोटे स्टेशनों में स्टापेज के अलावा अतिरिक्त कोच की सुविधा देती है। नवरात्रि के बाद से ही ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ शुरु हो जाती है। भीड़ से बचने के लिए यात्री चार माह पहले टिकिट बुकिंग करते थे, जिसे रेलवे ने घटाकर दो माह कर दिया है। इसके अलावा एसी कोच की तरह स्लीपर कोच में भी वेटिंग टिकिट वालों को सफर नहीं करने का आदेश दिया गया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि यात्री जनरल कोच में भीड़ से बचने और आरामदायक सफर करने के लिए रिजर्वेशन तो करा रहे हैं, लेकिन टिकिट कंफर्म नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरी में रिफंड करने के अलावा जनरल कोच में सफर करना पड़ रहा है। बिलासपुर और उसलापुर से मुम्बई, हावड़ा, हरिद्वार, दिल्ली और अन्य मेट्रो स्टेशन की ओर जाने वाली सारी ट्रेनों में इस तरह यात्रियों की भीड़ बढ गई है कि स्लीपर तो दूर एसी कोच में यात्रियों को कंफर्म बर्थ मिलना मुश्किल हो गया है। अब तक यात्रियों की भीड़ दीपावली पर्व में दिखाई दे रही थी, जो छुट्टी मनाने के लिए अपने-अपने घरों में वापस हो रहे हैं। दीपावली के बाद भी पड़ने वाले दिनों में ट्रेन में भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। छुट्टी मनाने वाले ज्यादातर लोग अपने शहरों में वापस हो रहे हैं, जिसमें सबसे अधिक संख्या पढ़ने वाले बच्चों की है। इसी तरह का हाल दुर्ग, रायपुर, उसलापुर से बिहार और उत्तरप्रदेश एवं दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में हो गया है। इन ट्रेनों में छठ मनाने वाले लोग कंफर्म बर्थ नहीं मिलने पर कोच के बर्थ पर बिछौना लगाकर सफर कर रहे हैं।

#### इन ट्रेनों में बर्थ की मारामारी

आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार छठ पर्व में सभी ट्रेनें फुल चल रही हैं, जिसमें सारनाथ एक्सप्रेस, बरौनी एक्सप्रेस, नौतनवा एक्सप्रेस, पटना एक्सप्रेस, लखनऊ गरीब रथ, साउथ बिहार एक्सप्रेस के एसी और स्लीपर कोच में 31 अक्टूबर तक नो रूम की स्थिति बनी हुई है। इसी तरह दिल्ली की ओर जाने वाली जम्मूतवी विस्तारित उधमपुर, संपर्कक्रांति, राजधानी, हावड़ा-मुम्बई रूट की ट्रेनों के स्लीपर कोच की वेटिंग ने 150 और एसी कोच में वेटिंग ने 60 का आंकड़ा पार कर दिया है।

#### एक कन्फर्म तो चार को प्रवेश

जनरल कोच में भीड़ से बचने के लिए रेल प्रशासन ने यात्रियों को स्पेशल ट्रेन की सुविधा भी दी है, जिसमें भी यात्रियों को कंफर्म बर्थ नहीं मिल पा रही है। इसी तरह की एक सुविधा रेलवे की ओर से यात्रियों को दी गई है। इस सुविधा के तहत अगर किसी ट्रेन में एक पीएनआर पर पांच यात्री सफर करना चाहते हैं और उनकी टिकिट वेटिंग है तो उसमें से किसी एक का बर्थ कंफर्म होता है तो संबंधित पीएनआर में अन्य चार यात्रियों को भी प्रवेश और सफर करने की अनुमति दी गई है। इससे यात्रियों को जनरल कोच में भीड़ में सफर करने से थोड़ी राहत मिल रही है।

---

## कलेक्टर ने कार्यक्रम अधिकारी को जारी किया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टर ने मनरेगा के 29 हितग्राहियों के मजदूरी भुगतान नहीं होने और उनकी मजदूरी राशि 3 लाख 28 हजार 851 रुपए अन्य व्यक्तियों के खाते में हस्तांतरित करने के मामले में जनपद पंचायत तखतपुर के कार्यक्रम अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कार्यक्रम अधिकारी को तीन दिवस भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

जनपद पंचायत तखतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत घुटकू में निरीक्षण दौरान मनरेगा का मजदूरी भुगतान राशि नहीं मिलने के संबंध शिकायत मिली थी। उस शिकायत के संबंध में जिला स्तरीय जांच समिति से जांच कराई गई। इस जांच प्रतिवेदन के अनुसार 29 हितग्राहियों इंदिराबाई, शांताबाई, राहीबाई, उमेंदाबाई, सरस्वती, राजनबाई, रूपा, नगमतियाबाई, रामुकमार, वैदेही, सुमन, सीता, चन्द्रिकाबाई, गुलाबाबाई, कुवर राम, लक्ष्मीनबाई, रोहित, श्यामबाई, मोहितराम, शारदा, आजुराम, तीजराम, अगरदास, चित्ररेखा, संतोषी, लक्ष्मीदास, अनीता, संतु यादव की राशि 65 किसी अन्य व्यक्तियों के खाते में हस्तांतरित कर दिया गया था। कुल 3 लाख 28 हजार 851 रुपए हस्तांतरित किए गए हैं। इस प्रकरण में मानिटरिंग का काम जनपद स्तर पर नहीं किया गया, जिसके कारण आवास के हितग्राहियों को मजदूरी की राशि सही समय पर नहीं मिलने से हितग्राहियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ा।

■ मनरेगा हितग्राहियों की मजदूरी राशि अन्य व्यक्तियों के खाते में हस्तांतरित करने का मामला

कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पर्यवेक्षण कार्य करने में उदासीनता दिखाई जा रही है। इस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत तखतपुर के कार्यक्रम अधिकारी विकास जायसवाल को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा है कि क्यों न आपके विरूद्ध वसूली की कार्रवाई की जाए। आपके द्वारा ग्राम रोजगार सहायक के बगैर डिमांड के गलत व्यक्तियों के नाम से मस्टररोल जारी किया गया है जो शासकीय राशि का दुरूपयोग है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण केन्द्र एवं राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजना है जोकि कर्तव्य के प्रति अरूचि एवं उदासीनता को प्रदर्शित करता है जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत है।

---

## सत्मार्ग पर चलकर ही जीवन सार्थक बनता है: अविमुक्तेश्वरानंद



**बिलासपुर।** जगदगुरू शंकराचार्य महाराज स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 1008 महराज धनतेरस पर 17 अक्टूबर को बिलासपुर पहुंचे।

इस दौरान उनका प्रवास शनिवार 18 अक्टूबर तक चिचिरदा रोड रायपुर एलसीआईटी कालेज के आगे हरीश कुमार शाह के निवास कुंज कुटीर में रहेगा। शहर पहुंचने पर श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से गुप्ता परिवार के सदस्यों को श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती शंकराचार्य का साक्षात दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। हरिश शाजी के फ़ार्म हाउस में हुई इस भेंट ने सम्पूर्ण परिवार के हृदय को आध्यात्मिक आनंद और शांति से भर दिया। आशीर्वाद प्राप्त करने वालों में राकेश गुप्ता–रेखा गुप्ता,राजेन्द्र गुप्ता–रेखा गुप्ता, योगेश गुप्ता–रीना गुप्ता, हर्षद गुप्ता ,नेहा गुप्ता याशिका, योरेंश, नितिकेश, तथा निलेश गुप्ता–काजल गुप्ता सभी ने शंकराचार्य जी के चरणों में प्रणाम कर दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया। शंकराचार्य ने स्नेह और करुणा से परिवार को आशीष देते हुए कहा "सत्मार्ग पर चलकर ही जीवन सार्थक बनता है।" गुप्ता परिवार ने कहा यह दिन हमारे लिए आध्यात्मिक आलोक बनकर सदा स्मरणीय रहेगा।

## आरएसएस का घोष पथ संचलन, पुष्पवर्षा से स्वागत

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर के घोष विभाग द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष पर भव्य घोष पथ संचलन का आयोजन किया गया।

यह संचलन सुबह 9. 30 बजे कोनहेर गार्डन से प्रारंभ होकर तिलक नगर, देवकीनंदन चौक, सिम्स चौक, करोना चौक, गोल बाजार, सिटी कोतवाली होते हुए संघ कार्यालय तक संपन्न हुआ। घोष वादकों ने विविध भारतीय रागों पर आधारित सुसंगठित वादन प्रस्तुत कर नगरवासियों को अनुशासन, सामूहिकता एवं राष्ट्रभाव का सजीव संदेश दिया। पथ संचलन के मार्ग में नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में नगर के 8 उपनगरों में घोष दल तैयार हुआ। विभिन्न शाखाओं के स्वयंसेवकों आनक वेणु शंख श्रृंग वाद्यों को बाजाना सिखा। इसका परिणाम है की बिलासपुर नगर के पूर्व एवं वर्तमान वादकों ने संचलन में उपस्थित थे। संघ शताब्दी वर्ष होने के उपलक्ष में 107 वादकों ने वादन किया । पथ संचलन में संघ अधिकारियों की उपस्थिति रही। विजयादशमी उत्सव के अंतर्गत यह आयोजन संघ के शताब्दी वर्ष के स्वागत का प्रतीक बना। जिसने नगर में देशभक्ति एवं संगठन की भावना को और भी प्रबल किया।



## पर्यावरण संरक्षण में हम सभी की महत्वपूर्ण भूमिका: डा. गुरनूले

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा ''पर्यावरण परिवर्तन, सुधारात्मक कार्यवाही और मानवीय जिम्मेदारी'' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता डा. डब्ल्यू. बी. गुरनूले नागपुर विश्वविद्यालय रहे। उन्होंने छात्राओं से कहा कि पर्यावरण के संरक्षण में हम सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्तमान समय में अवैध रूप से जंगलों की कटाई एवं बिना योजना के कालोनियों का निर्माण से पर्यावरण पर विपरित प्रभाव पड़ा है। जिससे वन्य प्राणी जंगल से निकालकर शहरों और गांव की तरफ अपने आवास एवं भोजन की तलाश में घूमते हुए आ रहे हैं, जिससे कृषि फसल, खेत खलियानों, पशु पालन एवं जन समुदाय को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ में इसका ज्वलंत उदाहरण हाथियों एवं जंगली सुअर का रहा है। आज बहुत से जंगली जानवरों का घरोंदा को हम उजाड़ रहें हैं। कृषि में अच्छी उत्पादकता के लालच में आकर अनावश्यक खाद, उर्वरक एवं कीटनाशक दवाईयों का छिडकाव करने से मृदा की उर्वरा शक्ति का हास होता हैं।

वहीं उससे उत्पादित खाद्य सामग्री से हमारे शरीर का भी नुकसान कर रहे हैं। कृषि उत्पादकता के लिए जहरीली रासायनिक कीटनाशक दवाई एवं उर्वरक का छिड़काव से मृदा पर ही नहीं भोजन चावल दाल सब्जियों पर भी इसका प्रभाव पड़ता है जो खाने के माध्यम से हमारे शरीर को नुकसान पहुंचता है।

---

**530 से अधिक परिवार घर खाली करने के नोटिस से हैं भयभीत**

# फदहाखार के लोगों ने की स्थाई पट्टे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

50 वर्षो से फदहाखार में रहने वाले निवासियों को शासन प्रशासन ने बिजली, पानी और मूलभूत सुविधाएं तो प्रदान कर दी है, लेकिन इस सुविधाओं से वन विभाग उन्हें वंचित करना चाह रहा है। इसके लिए वन विभाग ने वन अधिनियम 80 के तहत 530 से अधिक परिवारों को घर खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है। बेघर होने के भय से फदहाखार के निवासियों ने प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से पट्टा देने मांग की है।

केन्द्र सरकार ने बिलासपुर वन मंडल के फदहाखार को रिजर्व फारेस्ट घोषित कर दिया है, जहां वन्यप्राणियों के साथ वृक्षों की सुरक्षा की सारी जिम्मेदारी वन विभाग बिलासपुर के अधिकारी और कर्मचारियों को दी गई है। ब्रिटिश काल के समय से रिजर्व फारेस्ट के रूप में घोषित फदहाखार के जंगल में सालों से कब्जा होना शुरु हो गया था। शहर और आसपास में बेजाकब्जाधारी अपना बोरिया बिस्तर लेकर सीधे फदहाखार में पहुंचते थे। धीरे-धीरे कर फदहाखार के क्षेत्र की आबादी भी बढ़ने लगी। यहां रहने वाले लोगों को जिला प्रशासन और राज्य शासन की ओर से बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य सारी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करानी शुरु कर दी गई। इसके उपरांत विधानसभा, लोकसभा, नगर पंचायत, नगर निगम में भी यहां के लोग मतदान करना शुरु कर दिए। दूसरी ओर लगातार फदहाखार में बेजाकब्जा होते देख वन विभाग की हालत भी खराब होने लगी। विभाग के अधिकारियों के आदेश पर निवासरत परिवारों को घर खाली करने के लिए नोटिस दिया जाने लगा, जिससे भयभीत लोगों की नींद भी उड़ गई। इसी तरह की स्थिति वर्तमान में भी फदहाखार में रहने वाले लोगों के साथ हो गई है। वन विभाग बिलासपुर ने वन अधिनियम की धारा 80 के तहत 500 से अधिक ऐसे परिवार को घर खाली करने का नोटिस जारी किया है।

#### 28 गांव निगम में शामिल

संतूराम साहू ने बताया कि वर्ष 2011 एवं 12-13 में नगरीय प्रशासन ने यथावत 29 गांव को नगर पालिका निगम बिलासपुर में शामिल करने का आदेश जारी किया था, जिसमें से 28 गांव को शामिल किया जाना था। इसमें 12 वें नंबर पर फदहाखार नयापारा को अब तक शामिल नहीं किया गया है। यहां 1500 से अधिक परिवारों को बेघर करने का आदेश दिया गया है, जिसमें बच्चों का भविष्य खतरे में हैं। 100 से अधिक कुष्ठ रोगी परिवार हैं। इन सभी को बिलासपुर वन मंडल नोटिस देकर प्रताड़ित कर रहा है।

#### बार-बार देता है धमकी

फदहाखार के निवासी मनोज लहरे ने बताया कि प्रशासन की ओर से सारी मूलभूत सुविधाएं देने के बाद भी वन विभाग बार-बार घर खाली करने की धमकी देता है। जुलाई माह में पहला नोटिस और दूसरा नोटिस अगस्त माह में जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। इस नोटिस में सामान जब्ती करने की कार्रवाई करने की भी धमकी दी गई थी। उन्होंने बताया कि सभी को पट्टा देने का आश्वासन देकर और झूठ बोलकर नोटिस जारी किया गया है।

---

## तनिष्क ज्वेलरी शो रूम में धनतेरस पर लगी ग्राहकों की जबरदस्त भीड़

**बिलासपुर।** धनतेरस के शुभ अवसर पर शहरवासियों में सोना, चांदी की खरीदारी को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। रामा मैग्नेटो मॉल स्थित तनिष्क शोरूम में सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ लगी रही।

महिलाएं और परिवार नई ज्वेलरी डिज़ाइनों को देखने और खरीदने पहुंचे। तनिष्क द्वारा प्रदर्शित पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों ने सभी का मन मोह लिया। ग्राहकों ने बताया कि तनिष्क की गुणवत्ता और भरोसेमंद सेवाएं ही उन्हें बार बार यहां खरीदारी के लिए प्रेरित करती हैं। शोरूम प्रबंधन ने बताया कि इस बार धनतेरस पर बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रही है। कंपनी की ओर से दिए गए विशेष त्योहारी ऑफ़र और नई फेस्टिव कलेक्शन ने खरीददारों का आकर्षण और बढ़ा दिया। शाम होते होते पूरा शोरूम जगमग रोशनी और ग्राहकों की मुस्कुराहटों से भर गया। धनतेरस के शुभ दिन सोना.चांदी की खनक के साथ तनिष्क शोरूम ने शहर में उत्सव का माहौल और भी रौनकदार बना दिया।




बिजनेस प्लस

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# धनतेरस पर भगवान धनवंतरी, माता लक्ष्मी, कुबेर की पूजा

धनतेरस पर भगवान धनवंतरी, माता लक्ष्मी और कुबेर देवता की पूजा की गई। घर के दरवाजे व पूजा स्थल में रंगोली बनाई गई। फूल व बिजली के झालरों से घरों को सजाया गया। पूजन सामग्री भी खरीदते रहे। बर्तन, सोने-चांदी की लक्ष्मी, गणेश, आभूषणों की जमकर खरीददारी की गई। इससे सराफा बाजार सहित अन्य सभी मार्केट में दिन भर भारी भीड़ रही। चौक-चौराहों में जाम लगता रहा।





**बिलासपुर।** धनतेरस हर साल कार्तिक महीने में मनाया जाता है। माना जाता है कि चिरकाल में समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरी अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, इसलिए इस तिथि पर उनकी पूजा-आराधना करने से साधक के धन-धान्य में तेरह गुना वृद्धि होती हैं। हिंदू धर्म में इस दिन खरीदारी का विशेष महत्व माना जाता है।। दिवाली उत्सव के पहले दिन धनतेरस को 'धनत्रयोदशी' भी कहते हैं। इस दिन भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और कुबेर देव की पूजा का विधान है। कई लोग भगवान धन्वंतरी की उपासना भी करते हैं। धनतेरस पर सोना-चांदी, झाड़ू या अन्य नई वस्तु को घर लाने से बरकत होती हैं और देवी लक्ष्मी का वास भी बना रहता है।

## कार्यक्रम

## पोस्टर स्पर्धा, नुक्कड़ नाटक में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**बिलासपुर।** सिम्स निश्चेतना विभाग ने विश्व निश्चेतना दिवस पर एक दिवसीय निश्चेतना संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, ऑपरेशन से पूर्व मरीजों के लिए सावधानियों एवं सहमति पत्र की जानकारी शामिल थी।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन, विद्यार्थियों और स्वास्थ्य कर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों में निश्चेतना विशेषज्ञों की भूमिका के प्रति जागरूक करना था। निर्णायक मण्डल में डॉ. आरती पांडेय, डॉ. संगीता रमन जोगी एवं डॉ. आर.के. बेन शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन निश्चेतना विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति के नेतृत्व में हुआ। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ए.आर. बेन तथा नोडल अधिकारी डॉ. भूपेंद्र कश्यप ने विजेताओं को सम्मानित किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। डॉ. मधुमिता मूर्ति ने कहा कि निश्चेतना विशेषज्ञ केवल ऑपरेशन थिएटर तक सीमित नहीं रहते, बल्कि आईसीयू, दर्द नियंत्रण, आपात कालीन स्थितियों और कार्डियक अरेस्ट में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पोस्टर प्रतियोगिता का विषय "निश्चेतना विशेषज्ञ का आपात स्थिति में योगदान" था। जिसमें एमबीबीएस विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भागीदारी दी। प्रमुख विजेता छात्रों में प्रथम पुरस्कार मयंक कुमार व पंकज, द्वितीय पुरस्कार कृति तथा तृतीय पुरस्कार जयेश व दीपक को मिला।

## आयोजन

## रंगोली, मेहंदी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवक सम्मानित



**बिलासपुर।** संत गुरुघासीदास कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पचपेड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस, उन्मुखीकरण एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें खेल, डिजिटल वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी, रंगोली, मेहंदी, निबंध, भाषण, गीत, कविता, नाटक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 स्वयंसेवकों को पुरस्कृत कर 35 स्वयंसेवकों को "बी प्रमाणपत्र" तथा सिमरन बंजारे को "सी प्रमाणपत्र" प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर, संत गुरु घासीदास एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना कर किया गया। मुख्य अतिथि कांति अंचल जिला संगठक एनएसएस ने विशेष शिविर की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि रेखा गुल्ला ने रक्तदान, नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. पी.सी. जायसी अध्यक्ष प्रबंधक समिति ने मतदान जागरूकता पर प्रेरक विचार साझा किए। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. आर.के. जायसी ने अनुशासन और जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित किया। एम.एम. गुल्ला नेत्र प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष ने अंगदान के महत्व एवं धनेश रजक पूर्व सलाहकार रासेयो एयू ने साइबर अपराध जागरूकता के बारे में जानकारी दी। शनि कुमार बर्मन, आरजू कांत, ऐश्वर्य लक्ष्मी, परमेश्वर पाटले एवं शालिनी नायक ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन पविन्द्र कुमार जायसवाल एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुनीता कुर्रे ने किया। समारोह में प्राध्यापकगण, स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## आत्मिक समृद्धि का संदेश देता है धनतेरस : बीके स्वाति

धनतेरस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा, टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन सेवा केन्द्र में केन्द्र की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने "धनतेरस का आध्यात्मिक रहस्य" बताते हुए कहा कि धनतेरस आत्मिक समृद्धि का संदेश देता है।



धनतेरस केवल सोना-चांदी या वस्तुएं खरीदने का दिन नहीं, बल्कि अपने भीतर के गुणों की संपदा बढ़ाने का अवसर है। धन का सच्चा अर्थ गुणों और शक्तियों की अमूल्य संपत्ति शांति, प्रेम, पवित्रता, करुणा और सुख है। आज मनुष्य के पास भौतिक साधन तो बढ़ गए हैं, परन्तु मन की शांति खो गई है। इसका कारण आत्मिक धन की कमी है। धनतेरस हमें स्मरण कराता है कि इस दिन हमें भौतिक वस्तुओं से अधिक, आध्यात्मिक मूल्यों की खरीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार ही आत्मा के असली रोग हैं, जिन्हें ईश्वर-स्मृति और राजयोग से मिटाया जा सकता है। इस धनतेरस पर सच्ची खरीदारी वही होगी जब हम परमात्मा से ज्ञान, योग और सकारात्मक संकल्पों का लेन-देन करें।



## मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कोनी में धन्वंतरी की पूजा

**बिलासपुर।** शनिवार को मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कोनी में आयुर्वेद चिकित्सा के जनक, चिकित्सा के अधिष्ठाता देव भगवान धन्वंतरी की पूजा की गई। इस अवसर पर हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ भानु प्रताप सिंह, भारत गुलाबानी, चंद्रशेखर बघेल, डॉ पूनम सिंह चिकित्सक एवं समस्त नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

## फाउंडेशन एकेडमी मैदान में दीपावली सेलिब्रेशन, मनाई खुशियां



### एकेडमी के चेयरमैन ने खिलाड़ियों को दी दीप पर्व की बधाई

**बिलासपुर।** धनतेरस एवं दीपावली पर्व के अवसर पर फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में दीपावली सेलिब्रेशन कर खुशियां मनाई गई। इस दौरान बच्चों ने यहां जमकर आतिशबाजी की एवं एक-दूसरे को धनतेरस एवं दीपावली पर्व की बधाई दी। बच्चों के बीच मिष्ठान का वितरण किया गया।

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने खिलाड़ियों को दीप पर्व की बधाई देते हुए कहा कि खेल के साथ जीवन में उत्सव का आनंद भी हम सबको लेना चाहिए। हर साल की तरह इस बार भी बच्चों ने दीपावली की खुशियां मनाते हुए आतिशबाजी की। आसमान में रंग-बिरंगे सतरंगी पटाखे का आनंद लिया। प्री-दिवाली सेलिब्रेशन में प्रमुख रूप से समीर अहमद, मनीष अग्रवाल, अविनाश सेठी, डॉ सुरेश शुक्ला, तौसीफ खान, मोती गंगवानी, प्रमोद सिंह, अख्तर खान, देव दिवाकर ने शामिल होकर बच्चों को बधाई दी।

## काली चौदस पर रात्रि 12 बजे होगी विशेष आरती



**बिलासपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अरविन्द नगर बंधवापारा जांजी तालाब रोड में महाकाली मां का पूजन उत्सव श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसका दर्शन, पूजन करने हर दिन श्रद्धालु-भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। आचार्य परिवार के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन रात्रि के 8 बजे षोडषोपचार पूजन कर 12 बजे आरती की जा रही है। माता सेवा में जसगीत भी गाए जा रहे हैं। मां महाकाली की विशेष पूजा, आरती काली चौदस रविवार 19 अक्टूबर को रात्रि 12 बजे की जाएगी।

## माहेश्वरी समाज ने मनाई धन त्रयोदशी



माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने धन त्रयोदशी श्रद्धा से मनाई । समाज की विनीता, सुधा, सरोज, किरण, संगीता, सरिता, पूजा, सुजिता, मंजू, शीला, नीलम, नीता, ममता, सौम्या, ज्योति, कुसुम, आरती, दीपाली, ख्याती आदि सखियों ने पूजा कर त्यौहार मनाया।

# छठ पूजा की तैयारी देखने मेयर पहुंची छठघाट

**बिलासपुर।** दीपावली के बाद छठ महापर्व मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी इन दिनों युद्ध स्तर पर जारी है। शहर का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण आयोजन इस वर्ष भी तोरवा छठ घाट में होना है।

छठ घाट की अपनी कई विशेषताएं हैं। यह विश्व का सबसे बड़ा स्थाई छठ घाट है। इसी छठ घाट पर आगामी 25 से 28 अक्टूबर तक छठ महापर्व के आयोजन होंगे। जिसकी तैयारी में इन दिनों घाट की साफ-सफाई से लेकर पार्किंग व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। इस वर्ष तैयारी में बिलासपुर नगर निगम का अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है। प्रतिमा विसर्जन के बाद नदी में मौजूद प्रतिमाओं के अवशेष और जमा हो चुके गाद की सफाई बड़ी-बड़ी मशीनों की मदद से नगर निगम के सफाई कर्मियों द्वारा की जा रही है। साथ ही घाट पर प्रकाश व पार्किंग व्यवस्था भी की जा रही है।

### समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



### की जाएगी हर संभव मदद

छठ घाट पर छठ महापर्व के दौरान विशेष विद्युत व्यवस्था की जाती है। ऐसी ही व्यवस्था वर्ष भर किए जाने की मांग पर भी उन्होंने उदारता पूर्वक विचार करने का अश्वशन दिया। समिति के सदस्यों ने बताया कि छठ घाट में प्रतिमाओं के विसर्जन के कारण ही हर वर्ष व्यापक स्तर पर साफ सफाई की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए घाट के अंतिम छोर पर नदी तक रैंप बनवाने और उसकी मदद से नदी के बीचों-बीच विसर्जन किया जाने का प्रस्ताव रखा गया, ताकि घाट के अन्य हिस्से में प्रतिमाओं का विसर्जन ना हो और वह पूरी तरह स्वच्छ रहे, जिससे हर वर्ष छठ पर्व पर घाट की अतिरिक्त सफाई न करनी पड़े। महापौर पूजा विधानी ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए आगामी दिनों में इसे एमआईसी में पेश कर इस दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया है।

इसी तैयारी के निरीक्षण के लिए शनिवार सुबह बिलासपुर मेयर पूजा विधानी अपने अमले के साथ तोरवा छठ घाट पहुंची। जहां चल रहे साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच, भोजपुरी समाज और सहजानंद समाज के पदाधिकारी के साथ चर्चा के दौरान महापौर श्रीमती विधानी ने कहा कि सफाई और पवित्रता का पूर्ण ध्यान रखा जा रहा है।

इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी के साथ श्याम साहू, डॉ धर्मेंद्र कुमार दास, सुधीर झा, अभय नारायण राय, आरपी सिंह, रौशन सिंह, एके कंठ, धनंजय झा, पंकज सिंह, जेपी सिंह, हरिशंकर कुशवाहा, रविंद्र सिंह, परमेन्द्र सिंह, ललितेश सिंह उपस्थित रहे।

## इंडिया गाट टेलेंट पर छग की धमक



**बिलासपुर।** सोनी चैनल पर आने वाले इंडिया गॉट टेलेंट सीजन 11 में शहर के कलाकार अपना जौहर दिखाएंगे। कार्यक्रम का प्रसारण 19 अक्टूबर की रात 9.30 बजे किया जाएगा। 20 कलाकारों से सुसज्जित बैंड की प्रस्तुती से दर्शक के साथ ही जज भी थिरकेंगे। खास बात यह है कि बैंड का सलेक्शन 3 माह पहले कोलकाता में हुए आडिशन में हुआ था, लेकिन एक माह पहले टीवी राउंड में बैंड ने अपना जलवा दिखाया है, जिसकी प्रस्तुती रविवार को हो रही है।

छत्तीसगढ़ के लिए यह बेहद गर्व का क्षण है कि 20 कलाकारों के बैंड द रॉयल सिम्फिनी एंड चॉइर ने इंडिया गॉट टेलेंट सीजन 11 में अपनी बेहद शानदार प्रस्तुती दी है। सभी जजों ने कलाकारों से मिल उनकी पीठ थपथपाई। शो के जज नवजोत सिंह सिद्ध भावुक होकर मंच पर आए और बैंड के सदस्यों को गले लगाया। बैंड की स्थापना ऋषभ महरोलिया (वायलिन), अजय चौहान (तबला एवं रिदम) और रमेश बाघ (सितार) द्वारा की गई थी। तीनों संस्थापक और लीड आर्टिस्ट हैं।

स्पोर्टर्स न्यूज

### केंद्रीय राज्य मंत्री साहू ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

# शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बिलासपुर संभाग बना ओवर ऑल चैंपियन

## शहर में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता सत्र 2025-26 का आयोजन किया गया। इस चार दिवसीय आयोजन में प्रदेश के पांचों संभाग के 1065 बच्चे, 150 से अधिक कोच मैनेजर, 2 सौ ऑफिशियल्स एवं 2 सौ खेल शिक्षक कर्मचारियों ने भाग लिया।

बिलासपुर। इस प्रतियोगिता में इस वर्ष बिलासपुर जिले को बेस बॉल, कबड्डी और कराते आयोजन करने की जिम्मेदारी मिली थी। जिसमें सभी संभागों के 14 से 19 वर्ष के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जब हम पढ़ा करते थे तब हमारे गुरुदेव कहते थे, खेलो ऐसे खेल पढ़ाई बन जाए और पढ़ाई ऐसे करो कि पढ़ाई खेल बन जाए। मूल मंत्र को ध्यान में रखते हुए सबको अपने जीवन में आगे बढ़ना है। गीता में भगवान कृष्ण ने उपदेश देते हुए कहा कि कर्म करो किंतु फल की इच्छा मत करो। खिलाड़ी हार और जीत की परवाह के बगैर खेलों में भाग लेता है और अपना कर्म करता है। जब हम सर्वांगीण विकास की बात करते हैं तो जीवन में शारीरिक विकास बहुत महत्वपूर्ण है, इसीलिए प्रधानमंत्री खेलो इंडिया के माध्यम से खेल एवं खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी विद्यार्थी जीवन से ही शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन कर इन बेटे-बेटियों के लिए अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने प्रत्येक संभाग के पंडाल में जाकर बच्चों को बधाई दी।





### खेल में भाग लेना महत्वपूर्ण : कौशिक

विशिष्ट अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि खिलाड़ी कबड्डी के मैदान में चोट की परवाह किए बगैर बाजी कैसे जीतना है इस पर ध्यान केंद्रित करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेलो इंडिया के माध्यम से खेल के विकास के लिए काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भी प्रदेश में खेल के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। खेल के क्षेत्र में जो पुरस्कार दिया जाता था उसे पुनः शुरू कर खेल एवं खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। खेल में जीत हार से अधिक महत्वपूर्ण खेल में भाग लेना होता है।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, जिला पंचायत सभापति अंबिका साहू, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, प्रतिनिधि संतोष कश्यप, विनोद कुमार साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय टांडे, सहायक संचालक वर्षा शर्मा, रघुवीर सिंह राठौर, अखिलेश मेहता, सुशील मिश्रा, डॉ. सुरेश शुक्ला, भारती दुबे, कमलेश्वर यादव, आशीष मिश्रा, अनिल सिंह, जसपाल कौर, संदीप त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।


SAMSUNG
100 QN80F
98 DU9000
GST
Go Save Today
19 YEARS
Global No.1 TV
SUPER BIG CELEBRATIONS
with Samsung Vision AI
इस दिवाली, हमारे बड़े ऑफर्स और बड़ी स्क्रीन के साथ अपना जश्न और भी शानदार बनाएं.
12th Sep – 31st Oct '25
AI
Awesome India Offers*
मुफ्त साउंडबार ₹ 92990 मूल्य का (1 यूनिट)
3 साल की वारंटी
0 डाउन पेमेंट
सबसे कम EMI ₹990~ से शुरू 30 महीने^ तक
20% तक का कैशबैक# + 10% अतिरिक्त कैशबैक Samsung Axis Bank क्रेडिट कार्ड^^ पर
Neo QLED
100QN80F
Get QLED TV (75Q8F) worth ₹ 167990 (1 unit)
MRP ₹ 1336600
Special promo price ₹ 644990 (1 Unit)
Crystal UHD
75U8000F
Get up to 7.5% cashback#
MRP ₹ 115100
Special promo price ₹ 91990 (1 Unit)
OLED
65S90F
Get up to 10% cashback#
MRP ₹ 230300
Special promo price ₹ 177390 (1 Unit)
QLED
65Q8F
Get up to 7.5% cashback#
MRP ₹ 136300
Special promo price ₹ 100890 (1 Unit)
OLED
55S90F
Get Smart TV (32H4560) worth ₹ 15990 (1 unit)
Get up to 7.5% cashback#
MRP ₹ 179600
Special promo price ₹ 137990 (1 Unit)
QLED
55Q7F
Get up to 7.5% cashback#
MRP ₹ 81000
Special promo price ₹ 58890 (1 Unit)
Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 1800 5 7267864 for information on e-waste/plastic waste pick up.
Image simulated for representational purposes only. Results are not an endorsement of Samsung. Products sold separately. TV stand shown is for representational purpose only. Actual product may vary. Viewing experience may vary according to types of content and format. T&C apply. *Price stated above is for 1 unit and inclusive of all taxes. Stated offer is applicable on select TVs. Offer may be revised/withdrawn without prior notice. '3 year warranty (1 year standard warranty + 2 year additional Comprehensive Warranty) on selected TV models. ~EMI offer applicable on 1 m 38 cm and above TV with MSME scheme with Bajaj Finance. ^EMI tenure of 30 months is applicable on Neo QLED/ OLED/ 2 m 47 cm + TVs. EMI at the sole discretion of the financiers. Financier's terms & conditions shall apply. Samsung disclaims any liabilities with the same. #Cashback at sole discretion of Bank/NBFCs and subject to maximum capping limit. Samsung disclaims all claims and losses arising out of it. ^^10% cashback applicable as per limits: Infinite variant: ₹ 5000 monthly, ₹ 20000 annually, Signature variant: ₹ 2500 monthly, ₹ 10000 annually. Prices stated above are inclusive of all taxes. Samsung promotes responsible use of AI features. A Samsung account login may be required to access some or certain features of AI. For more details, visit https://www.samsung.com/in
samsung.com
Scan to know more
अमित सेल्स
श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर | 88188 00071
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर | जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर
Cheil-28839/25

**खबर संक्षेप**

## मूकबधिर बच्चों के साथ मनाएंगे दिवाली

**बिलासपुर।** अभा कसौधन वैश्य गुप्ता महासभा ट्रस्ट पंजीकृत द्वारा इस बार दीपावली में दृष्टि बधित, मूक-बधिर बच्चों के साथ दिवाली मनाने का निर्णय लिया गया है। इस बार उन्हें लाई, बताशा, मिठाई देकर फूलझड़ियां जलाई जाएगी।

संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

### निगम सिर्फ नोटिस देकर औपचारिकता और खानापूर्ति कर रहा, छोटी जगहों पर चल रहा बुलडोजर

# 8 जोन, 8 कमिश्नर, भारी भरकम अमला इसके बाद भी हर तरफ अवैध निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम क्षेत्र में 8 जोन हैं। यहां 8 जोन कमिश्नर के साथ ही भारी भरकम अमला है। इसके बाद भी किसी भी क्षेत्र में अवैध निर्माण पर रोक नहीं लग पा रही है। बिना अनुमति घर और दुकान बन रहे हैं तो बड़ी बड़ी बिल्डिंगे तन जा रही हैं। यहां तक की आवासीय क्षेत्र में घर के परमिशन पर काम्प्लेक्स बन रहे हैं। निगम सिर्फ नोटिस देकर औपचारिकता और खानापूर्ति कर रहा है। दूसरी ओर त्यौहार के समय दो तीन दिन कुछ जगहों पर छोटी दुकान लगाने वालों पर निगम का बुलडोजर चल रहा है। इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं।

गौरतलब है कि नगर निगम की पिछली बैठक में तय किया गया था कि आर्किटेक्ट्स और इंजीनियर भी अवैध निर्माण के लिए जिम्मेदार होंगे। इसके बाद भी लेकिन नियमों के खिलाफ दुकान बन रहें और अधिकारी मूक दर्शक हैं। कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। हाल ही में कुछ घटनाओं में सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण, बिना नक्शा पास कराए बिल्डिंग बनाने के लगातार मामले सामने आएं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।



### अवैध निर्माण के और भी मामले

**केस 1**, गीतांजलि सिटी फेस-1ः गीतांजलि सिटी फेस-1 में एक 3 मंजिला अवैध ओयो होटल को नगर निगम ने सील कर दिया है। पार्षद रेखा पांडेय की शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई थी, क्योंकि बिल्डिंग का नक्शा पास नहीं था और अवैध रूप से 17 कमरों का संचालन किया जा रहा था।

**केस 2**, जवाली नाले पर अवैध निर्माणः जवाली नाले की सरकारी जमीन पर एक चार मंजिला कमर्शियल इमारत बनाई गई है। हालांकि, अभी तक नगर निगम की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

**केस 3**, उसलापुर ओवरब्रिजः उसलापुर ओवरब्रिज के पास एक मकान को बिना अनुमति के बनाने की कोशिश में नगर निगम ने बुलडोजर चलाकर उसे तोड़ दिया था। इस दौरान जमकर हंगामा मचा।

**केस 4**, इंदु चौक पर अवैध शादी घरः इंदु चौक के पास बिना अनुमति के बनी दोमंजिला शादी घर और लॉन को निगम ने ध्वस्त कर दिया था, क्योंकि मालिक ने आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं किए थे। हालांकि सवाल उठा कि इतना बड़ा निर्माण हो कैसे गया और किसी अधिकारी का ध्यान तक कैसे नहीं गया।

### व्यापार विहार में अवैध निर्माण

शहर के जोन 4 विनोबानगर की आर 1 गली में आवासीय नक्शे पर दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। इसमें सड़क पर अतिक्रमण भी किया गया है। लोगों की शिकायत के बाद निगम ने मकान मालिक को नोटिस जारी किया है लेकिन कार्रवाई कुछ नहीं हुई है। शिकायत के मुताबिक यह निर्माण राजेश मिश्रा द्वारा किया जा रहा है। इसमें कालोनी की सार्वजनिक सड़क पर कब्जा करते हुए तीन दुकानें बनाईं जा रहीं हैं। कालोनीवासियों का कहना है कि इस मकान का नक्शा 1972 में पास किया गया था। उसके बाद व्यावसायिक निर्माण की कोई अनुमति नहीं ली गई। अब इस अवैध निर्माण से सड़क संकरी हो रही है। इस गली में करीब 50 फ्लैट और 25 मकान हैं। रजिस्ट्री पेपर में सामने की सड़क में 48 फीट जमीन है, लेकिन निस्तारी के रास्ते पर 2 फीट कब्जा कर लिया गया है।

### दस्तावेज मांगा गया है

मकान मालिक राजेश मिश्रा नोटिस जारी कर 3 दिन में दस्तोवज मंगाया गया है। दस्तावेज मिलने के बाद मौके पर जांच की गई जाएगी और अवैध निर्माण पर कार्रवाई की जाएगी।

- **सागर राज**, जोन कमिश्नर, जोन 4

### कार्रवाई करेंगे

इस बारे में मौखिक तौर पर शिकायत की जानकारी मिली है। जोन आफिस से इस प्रकरण के बारे में पूरी डिटेल्स ली जाएगी। नक्शा आवासीय है तो दुकानें नहीं बनाईं जा सकती हैं, कार्रवाई करेंगे।

- **श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर, बिलासपुर

**संजू त्रिपाठी हत्याकांड**

# मुख्य आरोपी को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बहुचर्चित संजू त्रिपाठी हत्याकांड मामले के मुख्य आरोपी कपिल त्रिपाठी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है और वह जेल से रिहा हो गया है। बताया जाता है मामले 16 से 17 आरोपियों को जमानत मिल चुकी है।

■ मुख्य आरोपी जेल से रिहा

तीन साल पहले कुदूदण्ड चांदनी चौक निवासी हिस्ट्रीशीटर संजू त्रिपाठी की सकरी ओवरब्रिज के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सकरी पुलिस व एसीसीयू टीम ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी कपिल त्रिपाठी, उसके पिता, पत्नी व शूटर सहित 21 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। सकरी पुलिस के द्वारा मामले में लगभग 70 लोगों को गवाह बनाकर चालान कोर्ट में पेश कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक मुख्य आरोपी कपिल त्रिपाठी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है और वह जेल से रिहा हो गया है। ज्ञात हो कि पूर्व में जेल के अंदर विवाद होने पर कपिल को कटघोरा जेल ट्रांसफर कर दिया गया था। वहां रहने के दौरान तबियत खराब होने पर इलाज के लिए उसे रायपुर जेल ट्रांसफर किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उसकी रायपुर जेल से रिहाई हुई है। उक्त मामले में कपिल, उसकी पत्नी, पिता, दोस्त सहित 16 से 17 आरोपी जमानत में छूट चुके हैं। केवरल शूटर जेल में बंद है। बताया जा रहा है कि मामले के अधिकांश गवाह गवाही देने से मुकर गए हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- [+5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# कुदूदण्ड बैराज के पास नदी में युवती की लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** रतनपुर के बाद कुदूदण्ड अरपा बैराज में युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है।



सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, शनिवार को दोपहर एक बजे कुदूदण्ड शिवघाट अरपा नदी बैराज के पास लोगों ने युवती की तैरते हुए लाश देखे। देखते ही देखते नदी में लोगों की भीड़ लग गई। लोगों के द्वारा लाश मिलने की सूचना सिविल लाइन पुलिस को दी गई। एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल, सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंच गई। नदी से युवती की लाश को बाहर निकाला गया। आसपास के लोगों को बुलाकर पहचान कराई गई, किन्तु उसकी पहचान नहीं हो पाई है। युवती की उम्र 18 से 20 साल बताई जा रही है। अरपा बैराज में खेल रहे बच्चों ने युवती को दो तीन बार बैराज में घूमते देखना बता रहे हैं। इससे अंदाज लगाया जा रहा है कि युवती ने बैराज से नदी में छलांग लगाई है। एएसपी श्री जायसवाल ने बताया, मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। ज्ञात हो कि चार दिन पूर्व रतनपुर खूंटाघाट में एक महिला की लाश मिली थी। अब तक मृतका की पहचान नहीं हो पाई है।

### चखना दुकान में ग्रामीण पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** चखना दुकान से पानी पाउच उठाने से मना करने पर संचालक के चाचा के साथ युवक ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, कछार अमलीपारा निवासी निवासी कमल गंधर्व बस में हेल्पर का काम करते हैं। 16 अक्टूबर की रात 9.30 बजे वह अपने भतीजा मुकेश गंधर्व के सेंदरी स्थित शराब दुकान के पास चखना दुकान में बैठे थे। इसी दौरान सेंदरी निवासी करन पाल आया ठंडा पानी पाउच उठा लिया। उन्होंने मना किया तो करन पाल ने चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

Haier LG
सुमित सेल्स का धनतेरस दीपावली धमाका
न कोई दिया है न कोई देगा
Whirlpool SONY
भारी छूट | बम्पर ईनाम | महा एक्सचेंज ऑफर
सामान आज लेकर जाइए पहली किश्त दिसम्बर, 2025 को दीजिए...
सिर्फ 1 रू. देकर एलजी, हायर, व्हर्लपूल, सोनी, वोल्टॉस कंपनी का एलईडी टी.वी., फ्रिज, वाशिंग मशीन, ए/सी, डीप फ्रीजर, कुलर, कोल्ड्रिंक फ्रीज, आलमारी, इन्वर्टर घर ले जाईये, सपरिवार दीपावली की खुशियां मनाइये...
* T&C Apply
LED TV के साथ
• होम थियेटर फ्री,
• टाटा स्काई फ्री • 3 साल वारंटी
0% फायनेंस
फ्रिज के साथ फ्री
5000/- का मिक्सी फ्री
3000/- का ओरिजन जूस सेट फ्री
1295/- का हेयर ड्रायर फ्री
वाशिंग मशीन के साथ फ्री
1799/- का वेक्रान डबल बेड सेट फ्री
1289/- का आयरन फ्री
495/- का बॉटल फ्री
डीप फ्रीजर एवं कोल्ड्रिंक फ्रीजर उपलब्ध
शानदार - जानदार ऑफर
AC
Haier LG BLUE STAR VOLTAS Godrej
भव्य शो-रूम
सुमित सेल्स
माया सेल्स के सामने, हटरी चौक, जूना बिलासपुर
9630117333, 8839130700
AdPRAYAS